भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ . राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली -110001
KrishiBhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110001

फा.सं. प्रशासन.6-6/2022 - स्था.I दिनांक:- 2 नवंबर, 2022

परिपत्र

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअप) प्रतिनियुक्ति के आधार (आईएसटीसी) पर निदेशक (राजभाषा) (वेतन स्तर 13) में 3 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअप) में सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित स्थानों पर वेतन स्तर 13 में निदेशक (राजभाषा) के 3 पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार (आईएसटीसी) पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

1. भाकृअप मुख्यालय, नई दिल्ली (1 रिक्ति)
2. भाकृअप - आईएआरआई, नई दिल्ली (1 रिक्ति)
3. भाकृअप - आईवीआरआई, इज्जतनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश (1 रिक्ति)

क्र. सं.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	वेतनमान	पात्रता की शर्तें
1	निदेशक (राजभाषा)	3 (भाकृअप मुख्यालय नई दिल्ली, भाकृअप-आईएआरआई, नई दिल्ली और भाकृअप-आईवीआरआई बरेली प्रत्येक में एक-एक रिक्ति)	स्तर 13 रु.123100 -215900)	केंद्र या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वायत्त निकायों या सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी: I. (i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर समतुल्य पद धारण किया हो; या (ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 12 (पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-3, रु. 15600-39100, रु. 7600 ग्रेड वेतन सहित) में नियुक्ति के बाद प्रदान किए गए ग्रेड में नियमित आधार पर पांच साल की सेवा की हो; ***और*** II. नीचे दी गई शैक्षिक अर्हता रखने वाले और हिंदी में शब्दावली (शब्दावली कार्य) का प्रयोग या लागू करने और अंग्रेजी से हिंदी में या इसके विलोमतः, अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद करने का दस साल का अनुभव अथवा हिंदी और अंग्रेजी में शिक्षण या हिंदी और अंग्रेजी में शोध करने का दस साल का अनुभव हो। **शैक्षिक योग्यता**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिंदी में

अनुबंध- II

संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है

कार्यालय का नाम...............

फाइल नंबर ....

तारीख................

1. आवेदक श्री/श्रीमती/सुश्री .... का चयन होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।
2. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरणों की उपलब्ध अभिलेखों से जांच की गई है और सही पाया गया है।
3. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक परिपत्र/विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों के अनुसार आवेदित पद के लिए पात्र है।
4. आवेदक की सत्यनिष्ठा 'संदेह से परे' के रूप में प्रमाणित है।
5. अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित/विचारित नहीं है
6. यह प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है (वैकल्पिक रूप से, पिछले 10 वर्षों के दौरान का जुर्माना विवरण संलग्न किया जा रहा है)।
7. पिछले 5 वर्षों के अद्यतन एसीआर/एपीएआर की सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न हैं। एसीआर/ एपीएआर की फोटोप्रतियों का सत्यापन प्रत्येक पृष्ठ पर एक ऐसे अधिकारी द्वारा किया गया है, जो अवर सचिव या समकक्ष के पद से नीचे के नहीं हैं।

हस्ताक्षर.....................................

अग्रेषण अधिकारी का नाम, पदनाम और टेलीफोन

(कार्यालय की मुहर)

दिनांक:

स्थान: